>

Title: Need to check the menace of wild elephants causing loss to human lives and property in Supaul parliamentary constituency, Bihar.

श्री विश्व मोहन कुमार (सुपौल): मैं विदेश मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सुपौल जो नेपाल सीमा पर अवस्थित है, की ओर आकृष्ट करते हुए कहना है कि आये दिन विशालकाय हाथियों का झुंड नेपाल से बिहार के सुपौल के कमलपुर, कुणौली, भीमनगर में रात को घुसकर आतंक मचाते हैं एवं सुबह होने से पहले नेपाल सीमा में प्रवेश कर जाते हैं। इस तरह की गतिविधि से आये दिन जानमाल के साथ-साथ फसलों एवं मकान का काफी नुकसान हो रहा है। अभी हाल में एक व्यक्ति को इन हाथियों के झुंड की वजह से अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। इसी से सरायगढ़, भपटियाही में जंगली सुकर का प्रकोप है जिससे लोग चिंतित हैं।

अतः मा0 विदेश मंत्री जी से आग्रह है कि नेपाल सरकार से इस संदर्भ में वार्ता कर समस्या का हल शीघ्रातिशीघ्र निकलवाने का कष्ट करे जिससे की आम नागरिक भयमुक्त अपना जीवन यापन कर सकें।